# एसबीआई डेबिट कार्ड तत्काल डिस्काउंट ऑफर शर्तें एवं निबंधन

यह तत्काल डिस्काउंट ऑफर (जिसकी परिभाषा नीची दी गई है) रिलायंस रिटेल लिमिटेड ("एजियो") के साथ भागीदारी में एसबीआई डेबिट कार्ड ("एसबीआई") द्वारा www.Ajio.com ("एजियो वेबसाइट") एवं एजियो मोबाइल एप्लिकेशन ("एजियो मोबाइल एप") (इसे सामूहिक रूप से "एजियो प्लेटफार्म" कहा जाएगा) पर शुरू किया गया और दिया जाने वाला संवर्धनात्मक ऑफर है, जो प्लेटफार्म पर दर्शाए गए विशिष्ट उत्पादों की बिक्री के लिए है।

अवधि:

यह तत्काल डिस्काउंट ऑफर 16 सितंबर 2022 (00:00:00 बजे) शुरू होगा और 21 सितंबर 2022 (23:59:59 बजे) तक या एजियो **("ऑफर की अवधि")** द्वारा निर्धारित तारीख एवं/अथवा समय तक जारी रहेगा।

**पात्रता**

- **यह तत्काल ऑफर भारत गणराज्य के सभी वैयक्तिक विधिक निवासियों के लिए है, जिनकी आयु इस ऑफर के शुरू होने की तारीख को 18 अथवा उससे अधिक हो।**
- प्रत्येक एजियो ग्राहक ("प्रयोक्ता") के पास वैध फोन नंबर एवं ई-मेल पता होना चाहिए)।

## ऑफर :

प्रयोक्ता निम्नलिखित शर्तें पूरी करने पर ही इस तत्काल डिस्काउंट ऑफर के लिए पात्र होंगे :

a. प्रयोक्ता एजियो एवं/अथवा एसबीआई द्वारा समय समय पर निर्धारित किए गए अनुसार निर्दिष्ट उत्पादों की खरीद हेतु एसबीआई डेबिट कार्ड का इस्तेमाल कर भुगतान करेगा; तथा
b. लागू सभी डिस्काउंट यदि कोई हो तो, को ध्यान में रखते हुए एजियो प्लेटफार्म पर निर्दिष्ट उत्पादों की खरीद हेतु एकल आदेश का कुल मूल्य 2,999 रुपए अथवा उससे अधिक होना चाहिए।

उपर्युक्त के अनुरूप निर्दिष्ट उत्पादों की खरीद पर प्रयोक्ता को 5% का एकसमान तत्काल डिस्काउंट मिलेगा, जिसकी अधिकतम राशि 750 रुपए होगा (स्पष्टता के लिए इस तत्काल डिस्काउंट ऑफर के तहत डेबिट कार्ड पर मिलने वाला अधिकतम तत्काल डिस्काउंट 750 रुपए रहेगा) **("तत्काल डिस्काउंट ऑफर")**।

**शर्तें एवं निबंधन**

1. ऑफर की संपूर्ण अवधि में प्रयोक्ता द्वारा प्रत्येक एसबीआई डेबिट कार्ड पर एक ही बार इस तत्काल डिस्काउंट ऑफर को प्राप्त किया जा सकता है।
2. इस तत्काल डिस्काउंट ऑफर को एजियो तथा/अथवा एसबीआई द्वारा दिए जाने वाले किसी अन्य संवर्धनात्मक ऑफर के साथ जोड़ा नहीं जा सकता।
3. इस तत्काल डिस्काउंट ऑफर के तहत डेबिट कार्ड पर प्राप्त किया जाने वाला अधिकतम तत्काल डिस्काउंट 750 रुपए है।
4. इस तत्काल डिस्काउंट ऑफर प्राप्त प्रयोक्ता यदि इस प्लेटफार्म पर खरीदे गए निर्दिष्ट सभी अथवा कुछ उत्पाद वापस करता है और उसके ऑर्डर का मूल्य 2,999 रुपए से कम हो जाता है तो, वह खरीदे गए निर्दिष्ट उत्पादों को लौटाने के लिए पात्र नहीं होगा। एजियो की विद्यमान उत्पाद वापसी नीति के अनुसार ही प्रयोक्ता द्वारा लौटाए गए सभी उत्पादों पर विचार किया जाएगा।
5. इस तत्काल डिस्काउंट ऑफर को प्राप्त करने में प्रयोक्ता को कोई समस्या होने पर वह भारतीय स्टेट बैंक से debitcards.cb@sbi.co.in पर तथा/अथवा एजियो [https://www.ajio.com/selfcare] से संपर्क कर सकता है।
6. व्यवसाय आवश्यकता और/अथवा विनियामक प्राधिकारी द्वारा परिवर्तन तथा/अथवा सांविधिक परिवर्तनों एवं/अथवा उनके नियंत्रण से बाहर के कारणों के चलते पात्रता मानदंड एवं अन्य प्रमुख शर्तों एवं निबंधनों सहित इस तत्काल डिस्काउंट ऑफर के अंतर्गत किसी लेनदेन को

अस्वीकृत करने, इस ऑफर की अवधि को बढ़ाने, रद्द करने, समाप्त करने, समय से पहले इसे वापस लेने, बदलने या संशोधित करने का अधिकार एजियो और/या एसबीआई डेबिट कार्ड के पास सुरक्षित रहेगा। साथ ही यह प्रयोक्ता को बिना किसी सूचना के लिए उसके लिए बाध्यकारी होगा।

7. यह तत्काल डिस्काउंट ऑफर कुछ ऐसे शर्तों एवं निबंधनों के अधीन होगा, जिसे एजियो समय समय पर सूचित करें।
8. इस तत्काल डिस्काउंट ऑफर में प्रतिभागिता पूरी तरह से स्वैच्छिक होगी।
9. यह तत्काल डिस्काउंट ऑफर सीमित अवधि के लिए है और इसे घोषित किए जाने बाद सहित किसी भी समय एजियो द्वारा वापस लिया जा सकता है।
10. एजियो इस तत्काल डिस्काउंट ऑफर उसे उत्पन्न होने वाली किसी भी देयता नहीं लेगा। एजियो की अधिकतम देयता तत्काल डिस्काउंट ऑफर की न्यूनतम बिल राशि के मूल्य तक ही सीमित होगी।
11. कपटपूर्ण/संदिग्ध लेनदेन के मामलों में अथवा कोई तकनीकी खराबी होने अथवा अप्रत्याशित घटना घटने की स्थिति में एजियो द्वारा निर्धारित किए गए अनुसार इस तत्काल डिस्काउंट ऑफर को बंद अथवा वापस लिया जा सकता है। साथ ही इस तत्काल डिस्काउंट ऑफर के लाभ प्राप्त करने से किसी प्रयोक्ता को अयोग्य बनाया जा सकता है।
12. प्रयोक्ता के प्रति किसी दायित्व को पूरा करने में देरी और/या विफलता के कारण होने वाले नुकसान सहित इस तत्काल डिस्काउंट ऑफर से निम्नलिखित के कारण होने वाले किसी भी नुकसान (प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष, विशेष अथवा परिणामी नुकसान या लाभ का नुकसान सहित), व्यय अथवा हर्जाना के लिए एजियो जिम्मेदार नहीं होगा:
    I. किसी भी प्रकार की ऐसी तकनीकी समस्याएँ जो इस तत्काल डिस्काउंट ऑफर में भाग लेने से किसी व्यक्ति को सीमित अथवा रोकती हो;
    II. डिस्काउंट के आबंटन अथवा प्राप्त करने के संबंध में उत्पन्न नुकसान अथवा हर्जाना;
    III. कोई ऐसी अन्य घटनाएँ जो एजियो के नियंत्रण के बाहर हों, जिनसे संवर्धन में अवरोध उत्पन्न हो या बाधित हो अथवा प्रयोक्ता को नुकसान अथवा क्षति पहुँचती हो।
13. एजियो (कर्मचारी, निदेशक सहित) किसी भी इनएक्टिवेटेड एसबीआई डेबिट कार्ड, इन्टरनेट, टेलिकाम, एसएमएस एवं ई मेल सेवाप्रदाताओं द्वारा देरी के कारण संप्रेषण में हुई किसी भी गलती अथवा कमी के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।
14. (i) प्रयोक्ता द्वारा शर्तों एवं निबंधनों के उल्लंघन (ii) प्रयोज्य क़ानूनों के उल्लंघन (iii) प्रयोक्ता की ओर से कोई कारवाई किए जाने या न किए जाने से उत्पन्न जानबूझकर कदाचार अथवा लापरवाही के कारण एजियो को होने वाले नुक़सानों, देयताओं, व्ययों, खर्चों, दावों, वादों एवं कार्यवाहियों से एजियो को हानिरहित रखने और उनकी क्षतिपूर्ति करने के लिए प्रयोक्ता एतदद्वारा सहमति देता है।
15. प्रयोक्ता इस बात से सहमत है कि ये शर्तें भारत के कानून द्वारा शासित और उसके अनुरूप हैं। वह इस बात से सहमत है कि इस तत्काल डिस्काउंट ऑफर से उत्पन्न किसी भी विवाद के बारे में निर्णय लेने का विशेष अधिकार मुंबई, महाराष्ट्र के न्यायालयों को ही होगा।